आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–13 जुलाई 2024 सान्ध्य समाचार

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि सुशासन की पहली शर्त है विधि का शासन। न्यायसंगत व्यवस्था हर व्यक्ति को प्रिय है। विधि के शासन के लिए आज भारत जाना जा रहा है। यह बातें उन्होंने लखनऊ के डॉ राम मनोहर लोहिया विधि विश्वविद्यालय के तीसरे दीक्षांत समारोह को सम्बोधित करते हुए कहीं। उन्होंने कहा कि राष्ट्र हमारे जीवन में सर्वोच्च होना चाहिए। हमारा सब कुछ राष्ट्र के प्रति समर्पित होना चाहिए। राष्ट्र को साक्षी मान कर व अपने कर्तव्यों के प्रति सजग होकर कार्य करना ही हमारा धर्म है। इस मौके पर देश के मुख्य न्यायाधीश डॉ डीवाई चंद्रचूड़ ने दीक्षांत समारोह के दौरान विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया एवं उन्हें उपाधि भी प्रदान किया। कार्यक्रम के बाद एक सोशल मीडिया पोस्ट में मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्हें पूर्ण विश्वास है कि इस प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय के होनहार विद्यार्थी देश की न्याय व्यवस्था को नई उंचाइयों तक ले जाएंगे।

****

प्रदेश में बारिश और बांधों से पानी छोड़े जाने के कारण प्रदेश के 17 जनपदों की आबादी बाढ़ से प्रभावित है। प्रदेश के लखीमपुर खिरी, बलरामपुर, कुशीनगर, बस्ती, शाहजहांपुर, बाराबंकी, सीतापुर, गोंडा, सिद्धार्थनगर, बलिया, गोरखपुर, बरेली, आजमगढ़, हरदोई, अयोध्या, मुरादाबाद और बहराइच से बाढ़ के समाचार हैं। घाघरा नदी बाराबंकी, अयोध्या और बलिया, राप्ती नदी सिद्धार्थनगर और गोरखपुर, बूढ़ी राप्ती सिद्धार्थनगर और क्वानो नदी गोंडा में खतरे के निशान से ऊपर बह रही है।

वाराणसी में गंगा नदी का जलस्तर बढ़ने लगा है। इसे देखते हुए घाट के किनारे जल पुलिस, एनडीआरएफ और नाविकों को मुस्तैद किया गया है। श्रद्धालुओं को गहरे पानी में नहाने से रोका जा रहा है। मऊ जिले में वहां के जिलाधिकारी ने बांध और अन्य बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों का आज निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिया।बाढ़ प्रभावित बदायूं जिले में भी वहां के जिलाधिकारी ने वहां के दातागंज तहसील क्षेत्र के प्रभावित गांवों का दौरा किया। प्रशासन स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है। पीलीभीत जिले के शारदा नदी के बनबसा बैराज से 61630 क्यूसेक पानी छोड़े जाने के कारण वहां विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिये गये हैं।

****

प्रदेश में छह जिलों के पुलिस कप्तान समेत दस आईपीएस अधिकारियों का तबादला हो गया है। वाराणसी जिले के पुलिस उपायुक्त श्याम नारायण सिंह को एटा जिले का नया पुलिस कप्तान बनाया गया है। एटा के एसपी रहे राजेश कुमार सिंह का तबादला कानपुर के पुलिस उपायुक्त पद पर किया गया है। लखनऊ में पुलिस अधीक्षक, प्रशिक्षण एवं सुरक्षा पद पर तैनात गौरव बंशवाल को वाराणसी में पुलिस उपायुक्त बनाया गया है। एसपी शामली अभिषेक कुमार को एसपी बिजनौर और एसपी जालौन ईराज राजा को एसपी गाजीपुर बनाया गया है। बिजनौर के एसपी रहे नीरज कुमार जादौन को एसपी हरदोई पद पर स्थानान्तरित कियागया है। राम सेवक गौतम को पुलिस उपायुक्त कानपुर के पद से स्थानान्तरित कर एसपी शामली बनाया गया है। हरदोई के पुलिस अधीक्षक केशव चंद गोस्वामी को पुलिस अधीक्षक अभिसूचना मुख्यालय लखनऊ, गाजीपुर के पुलिस अधीक्षक डॉ ओमवीर सिंह को पुलिस उपायुक्त लखनऊ और आईपीएस डॉ दुर्गेश कुमार को पुलिस अधीक्षक जालौन बनाया गया है।

****

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज अपनी कैबिनेट के साथ अयोध्या पहुंच कर श्रीरामलला का दर्शन पूजन किया । उन्होंने भगवान राम को बेर भी चढ़ाए। संवाददाताओं से बात करते हुए उन्होंने कहा कि भगवान राम ने अपने वनवास का अधिकांश समय छत्तीसगढ़ में बिताया था । यही वजह है कि उन लोगों ने छत्तीसगढ़ से बेर, वहां का जल, सुगंधित चावल और कई अन्य प्रकार का प्रसाद भगवान राम लला को अर्पित किया है।

****

काशी विश्वनाथ मंदिर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्व भूषण मिश्रा ने कहा है कि नियमित दर्शनार्थी पहले से जैसे दर्शन करते चले आए हैं, वैसे ही करते रहें। उन्होंने कहा कि कुछ लोग यह भ्रम फैला रहे हैं कि नियमित दर्शनार्थियों को अन्य दर्शनार्थियों की तरह लाइन में लग कर दर्शन करना होगा । उन्होंने स्पष्ट किया कि यह पूरी तरह से भ्रमित करने वाली बात है। न्यास ने ऐसा कोई निर्णय नहीं लिया है। उन्होंने बताया कि नेमी दर्शनार्थियों के लिए अलग से प्रस्तावित द्वार के लिए ट्रायल भी किया गया।

****

पड़ोसी देश नेपाल में गोताखोरों सहित सेना और पुलिस कर्मियों की टीमों ने त्रिशूली नदी में गिरे बस यात्रियों की खोज दूसरे दिन भी जारी रखी। हादसे में लापता व्यक्तियों के परिवारों ने मांग की है कि आवश्यक प्रौद्योगिकी और उपकरणों का उपयोग करके खोज अभियान को और अधिक प्रभावी बनाया जाना चाहिए। कल सुबह सिमलताल में भूस्खलन के कारण करीब साठ यात्रियों से भरी दो यात्री बसें त्रिशूली नदी में बह गईं। इनमें एक काठमांडू से गौर जा रही थी और दूसरी बीरगंज से काठमांडू जा रही थी। इस हादसे में सात भारतीय भी लापता हैं जिनमें से छह के नामों की पहचान हो गयी है । महराजगंज जिला प्रशासन के पास यह सभी नाम उपलब्ध हैं । इस संबंध में भारतीय अधिकारी, नेपाल के अधिकारियों के निरंतर सम्पर्क में हैं।

****